भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 18 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शुक्रवार, 04 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## हलेड़ में बारिश के पानी को लेकर हंगामा: कांग्रेस नेता ने भाजपा नेता को मारा थप्पड़

### पूर्व सरपंच पर रिपोर्ट दर्ज, वीडियो वायरल, ग्रामीणों ने भी की मारपीट

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित हलेड़ गांव में बुधवार शाम को तेज बारिश के बाद जलभराव की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे भाजपा नेता एवं सरपंच पति बाबूलाल आचार्य पर कांग्रेस नेता और ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व सरपंच हरफूल जाट ने कथित रूप से आचार्य को थप्पड़ जड़ दिया और मौके पर मौजूद भीड़ ने भी मारपीट कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। घटना के संबंध में बाबूलाल आचार्य के पुत्र गोपाल आचार्य ने सदर थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया गया कि बुधवार दोपहर करीब 1 बजे ग्रामीणों ने बारिश के बाद पानी भरने की शिकायत की थी। इसके बाद बाबूलाल आचार्य एलडीसी मोहित पाराशर और ग्राम विकास अधिकारी भगवतीलाल जीनगर के साथ मौके पर पहुंचे और पानी निकासी के लिए जेसीबी मंगवाकर कार्य शुरू करवाया।

शाम करीब 6.30 बजे कांग्रेस नेता और पूर्व सरपंच हरफूल उर्फ मुकेश जाट, नारायण जाट समेत अन्य लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि एक व्यक्ति चाकू लेकर आया था और वीडीओ भगवतीलाल के साथ भी मारपीट की गई, उनके कपड़े फाड़ दिए गए और जान से मारने की धमकी दी गई।

### पुलिस जांच जारी

सदर थाना प्रभारी कैलाशचंद बिश्नोई ने बताया कि घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बारिश के पानी से परेशान ग्रामीणों ने कई बार सरपंच को ज्ञापन दिए थे लेकिन समाधान नहीं होने से आक्रोशित थे।


### ग्रामीणों का आरोप

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार जलभराव की समस्या को लेकर शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार को हुई तेज बारिश के बाद कई घरों व प्लॉटों में पानी भर गया, जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे सरपंच पति से कहासुनी के बाद मारपीट कर दी।

### दूसरे पक्ष का बयान

वहीं भाजपा पक्ष का कहना है कि सरपंच पति बाबूलाल आचार्य हालात का जायजा लेने मौके पर पहुंचे थे, लेकिन कांग्रेस से जुड़े कुछ लोगों ने उन्हें निशाना बनाकर जानबूझकर हमला किया।

## जिसने सैकड़ों को फिट किया, वो खुद क्यों टूटा?



**भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़**

चित्तौड़गढ़ शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई। राजस्थान और चित्तौड़गढ़ में बॉडीबिल्डिंग के चर्चित नाम, मिस्टर राजस्थान÷ का खिताब जीत चुके जय किशन लोठ उर्फ जैकी (42) ने अपने ही जिम में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब एक्सरसाइज के लिए लोग 'वॉरियर फिटनेस जिम' पहुंचे, तो वहां का नज़ारा देख उनके होश उड़ गए। जिम के अंदर जैकी का शव फंदे से लटक रहा था। हड़कंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। एएसआई मदनलाल जगत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि शव छत से लगे हुक में रस्सी से लटका हुआ मिला। प्रारंभिक जांच में कहीं कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मौत के कारण अभी साफ नहीं हैं। जैकी का मोबाइल जब्त कर लिया गया है और कॉल डिटेल्स व मैसेज की जांच की जा रही है।

जय किशन लोठ उर्फ जैकी प्रतापनगर क्षेत्र के निवासी थे और पिछले दो वर्षों से महाराणा प्रताप सेतु मार्ग पर 'वॉरियर फिटनेस' नाम से अपना जिम चला रहे थे। वे बॉडीबिल्डिंग की दुनिया का जाना-पहचाना नाम थे। उन्होंने मिस्टर चित्तौड़गढ़ और मिस्टर राजस्थान जैसे प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किए थे। इसके अलावा उन्होंने राज्य और जिला स्तर की कई बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया था।

जैकी सिर्फ बॉडीबिल्डर नहीं, बल्कि एक ऑलराउंड खिलाड़ी थे। उन्हें स्केटिंग और बास्केटबॉल में भी गहरी रुचि थी और वे अच्छे खिलाड़ी माने जाते थे। जिम में वे बच्चों और युवाओं को ट्रेनिंग देते थे और फिटनेस को लेकर युवाओं के बीच खासे लोकप्रिय थे।

### परिवार में मातम, जान-पहचान वाले सदमे में

जैकी के परिवार में उनकी पत्नी और 12 साल की एक बेटी है। उनके माता-पिता नगर परिषद में सफाई कर्मचारी के पद से रिटायर हो चुके हैं। बेटे की असमय मौत की खबर से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। मोहल्ले में मातम पसरा है और जान-पहचान वाले लोगों की आंखें नम हैं।

### सस्पेंस में मौत, पुलिस जांच जारी

पुलिस का कहना है कि सुसाइड के कारणों को लेकर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी। जैकी के मोबाइल की जांच की जा रही है। यह देखा जा रहा है कि कहीं जैकी मानसिक तनाव, पारिवारिक समस्या या किसी आर्थिक परेशानी से तो नहीं जूझ रहे थे। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। चित्तौड़गढ़ जैसे शांत शहर में इस तरह की घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। जिम जैसे जीवन ऊर्जा से भरे स्थान में मौत का यह मंजर देख हर कोई सन्न है। जैकी के फैंस, फिटनेस लवर्स और खिलाड़ी वर्ग के बीच गहरा शोक व्याप्त है।

फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मोबाइल डिटेल्स के आधार पर सच्चाई सामने लाने की कोशिश कर रही है। जैकी जैसे ऊर्जावान और प्रेरणादायक व्यक्तित्व का यूं अचानक चले जाना, सिर्फ एक परिवार ही नहीं, पूरे फिटनेस समुदाय के लिए अपूरणीय क्षति है।

## 10 हज़ार रुपये के इनामी वांछित अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### स्कॉर्पियो लूटकांड में नामजद आरोपी जहीर मेव पकड़ा गया, लंबे समय से चल रहा था फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

थाना पुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 10 हज़ार रुपये के इनामी वांछित अपराधी जहीर मेव को गिरफ्तार किया है। आरोपी स्कॉर्पियो वाहन लूट के एक संगीन मामले में वांछित चल रहा था और घटना के बाद से फरार था। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की।




पुलिस के अनुसार, 28 फरवरी 2025 को उज्जैन निवासी अनिल बैरागी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि वह स्कॉर्पियो वाहन चालक है। 27 फरवरी की शाम करीब 6-7 बजे कुछ युवकों ने स्कॉर्पियो को उज्जैन से अजमेर जाने के लिए बुक किया। रास्ते में चित्तौड़गढ़ बाईपास के पास एक युवक ने उल्टी का बहाना बनाकर वाहन रुकवाया। वाहन रुकते ही सभी सवार युवक नीचे उतर आए और अनिल के साथ मारपीट कर बंदूक दिखाकर धमकाया। उसे हाईवे किनारे पटक दिया गया और उसकी जेब से 7,000 रुपये नकद, मोबाइल और स्कॉर्पियो छीनकर आरोपी फरार हो गए।

इस मामले में थाना पुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पूर्व में रामनिवास, शहरूदीन, मुख्तार और शैलेश भामरे को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन जहीर मेव उर्फ जाहिर और भूरा उर्फ यूनिस मेव लगातार फरार चल रहे थे।

गिरफ्तार आरोपी जहीर उर्फ जहीर मेव पुत्र श्मशु मेव (उम्र 22 वर्ष), निवासी ग्राम मूंगसका, थाना पहाड़ी, जिला भरतपुर का रहने वाला है। आरोपी पर पहले से भी कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। वह लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रहा था।

थाना पुर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए जहीर मेव को दबोच लिया। पुलिस ने इसे एक बड़ी कामयाबी बताते हुए कहा कि आरोपी से आगे की पूछताछ की जा रही है और अन्य फरार युवक की तलाश जारी है।






## धाकड़ खेड़ी कस्बे में सर्प काटने से महिला की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**


**आकोला (रमेश चंद्र डाड)** धाकड़ खेड़ी कस्बे में सर्प काटने से महिला की मौत हो गई । गोपाल लाल सालवी ने बताया कि नारायणी देवी पत्नी प्रभु लाल सालवी उम्र 24 वर्ष रात्रि में अपने पति के साथ खेत पर रखवाली के लिए गये थे। रखवाली के दौरान खेत की मेड़ पर नारायणी को सर्प ने डस लिया । परिजन उसे बिजोलिया हॉस्पिटल ले गए नारायणी ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया । पुलिस ने मांडलगढ़ अस्पताल में पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द किया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है



CMYK

# मूलनायक श्री पदम प्रभु भगवान का महामस्तकाभिषेक हुआ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में अष्टमी के पावन दिवस पर बड़े बाबा मूलनायक श्री पदम प्रभु भगवान का महामस्तकाभिषेक हुआ। प्रचार मंत्री प्रकाश पाटनी ने बताया कि सुबह मुलनायक श्री पदम प्रभु भगवान सहित सभी प्रतिमाओं का महामस्तकाभिषेक हुआ। इसके बाद लक्ष्मीकांत जैन एवं प्रदीप गदिया ने पदम प्रभु, अशोक पाटोदी ने आदिनाथ, राजकुमार शाह ने मुनिसुव्रतनाथ भगवान पर शांतिधारा की। अन्य प्रतिमाओं पर भी शांतिधारा की गई। पूजा- अर्चना कर श्रावक-श्राविकाओं ने अर्ग समर्पण किये। इस अवसर पर कई धर्मालुगण उपस्थित थे।

# गेणोली के देवनारायण मंदिर में रात्रि जागरण किया



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)** मांडलगढ़ क्षेत्र के गेणोली गांव में देवनारायण भगवान मंदिर परिसर में बंधेज के उपलक्ष्य में रात्रि जागरण कार्यक्रम आयोजित हुआ । कार्यक्रम में शंकर गुर्जर ने चारभुजा नाथ देवनारायण भगवान की बगड़ावत लावणी पर प्रकाश डाला तथा मधुर भजनों प्रस्तुति दी । कार्यक्रम में रमेश भील , जगदीश धाकड़ , भैरूलाल भील ,मदनलाल , ओमप्रकाश गुर्जर सहित बंधेज सदस्य एवं ग्रामवासी मौजूद रहे ।

# चांदगढ़ गांव में हरि बोल प्रभात फेरी का हुआ आयोजन , भक्ति रस में डूबा पूरा गांव



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(जसवंत पारीक)** कस्बे के निकटवर्ती चांदगढ़ गांव में गुरुवार को हरि बोल प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। आयोजक कुंदन मल सुवालका व गोपाल सुवालका ने बताया कि इस दिन प्रातः 9¬15 बजे भगवान चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण से भगवान चारभुजा की शोभायात्रा के साथ हरि कीर्तन हरि हरि बोल ,गोविंद बोल, गोपाल बोल , आज तो बृज में नाच रयो कन्हैया,देवनारायण भगवान, तेजाजी महाराज के भजनों पर बड़ी संख्या में स्त्री पुरुष व छोटे-छोटे बच्चे नाचते गाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गो से होती हुई देवनारायण मंदिर प्रांगण पहुंची । जहां पर पुजारी द्वारा विशेष आरती की गई तथा प्रसाद वितरित किया गया। तेज बारिश की बावजूद भी पूरा गांव भक्ति रस में डूब गया । इस मौके पर 51 गांवो की हरि बोल प्रभात फेरियो ने भाग लिया।

# 30 साल बाद अतिक्रमण हटा रास्ता दुरस्त किया



**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़**

प्रशासन एवम पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए बेइ पंचायत के माल का खेड़ा गांव में खेतो में जाने वाले 30 साल से बंद रास्ते को खुलासा करते हुए अतिक्रमण हटाया । भू अभिलेख निरीक्षक नंद सिंह कानावत ने बताया की ग्रामीणों की ओर से तहसीलदार जहाजपुर को लिखित में रिपोर्ट देने के बाद तहसीलदार जहाजपुर ने नायब तहसीलदार खजूरी को आदेशित कर रास्ता खुलवाने के निर्देश दिए। इस पर गुरुवार को नायब तहसीलदार दो गिरदावर और दो पटवारियों सहित पुलिस सहित मौके पहुंच प्रेम देवी मीना को समझाकर रास्ते को खुलवाया एवम भविष्य में अतिक्रमण नही करने की हिदायत दी ।

इस दौरान बेइ प्रशासक परमेश मीना , मानसिंह मीना , सहायक उप निरीक्षक दिनेश कुमार पारीक सहित पुलिस जाप्ता मोजूद रहा।

# उद्भवन 2025 : नवाचार और उद्यमिता के संगम का सफल आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




संगम विश्वविद्यालय, भीलवाड़ा के उद्यमिता एवं कौशल विकास केंद्र और संगम आई-टीबीआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'उद्भवन 2025' नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक सफल पहल के रूप में संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय परिसर में हुए इस दो दिवसीय आयोजन में निवेशकों, विशेषज्ञों, नवोन्मेषियों और विद्यार्थियों को साझा मंच प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत 'इग्नीशिया' सत्र से हुई, जिसमें नवाचार उत्पादों का शुभारंभ, उद्यमिता प्रदर्शनी, विशेष प्रशिक्षण सत्र, नेटवर्किंग नाइट 'जन मिलन' और संवाद श्रृंखला 'संवाद 2025' आयोजित की गई। नीति-निर्माताओं और विशेषज्ञों ने उद्यमशीलता के बदलते स्वरूप पर विचार रखे।

'पिच बोर्ड 2025' मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें चयनित स्टार्टअप्स ने अपने बिजनेस मॉडल और नवाचार की प्रस्तुति दी। निर्णायकों ने प्रस्तुति की गुणवत्ता, नवाचार की उपयोगिता और बाज़ार अनुकूलता के आधार पर स्टार्टअप्स का मूल्यांकन किया।

कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रो. डॉ. करुणेश सक्सेना ने युवाओं को नवाचार, तकनीक और नेतृत्व को आत्मसात करने का संदेश दिया। प्रो-वाइस चांसलर प्रो. मानस रंजन पाणिग्रही ने कहा कि संगम विश्वविद्यालय छात्रों को नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनाने के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज कुमावत ने बताया कि ÷उद्भवन 2025÷ भीलवाड़ा को नवाचार के मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक प्रभावी पहल है। संगम आई-टीबीआई के सीईओ राजस्व कौशिक ने सभी स्टार्टअप्स को बाज़ार की ज़रूरतों के अनुरूप नवाचार करने का आह्वान किया।

निर्णायक मंडल में ऋत्विक जोशी, राकेश आगाल, डॉ. एस. एस. लाखावत और डॉ. राजकुमार सोमानी शामिल रहे। मुख्य अतिथि डॉ. सी. एस. यादव (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार) ने नवाचार और सहयोगिता की महत्ता पर प्रकाश डाला।

एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज, गाजियाबाद से महेन्द्र गुप्ता ने ÷उद्भवन केंद्रों की प्रतिपालना÷ विषय पर ऑनलाइन सत्र लिया, जो प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभदायक रहा।

समापन सत्र में चयनित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह वितरित किए गए। आयोजन को सफल बनाने में अनन्या बाबेल, निकिता राठौड़, निशांत पारीक सहित विद्यार्थी समन्वयकों की सराहनीय भूमिका रही।

# क्रोध-लोभ का त्याग कर धर्म की ओर बढ़ें : साध्वी कुमुदलताजी म.सा.

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

श्रमण संघीय साध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. ने कोठारी हॉल में प्रवचन देते हुए कहा कि चातुर्मास में क्रोध, मान, माया, मोह जैसे कषायों का त्याग कर दान, शील, तप व भावना को जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चातुर्मास का सार तभी है जब अहंकार, लोभ व तृष्णा को त्यागकर धर्म की शरण ली जाए।

धर्मसभा में साध्वी महाप्रज्ञाजी म.सा. ने रात्रिभोजन त्याग और व्यसन मुक्ति की प्रेरणा दी, वहीं साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने जिनवाणी श्रवण और आत्मसात करने पर जोर दिया। साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. का भी सानिध्य प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर आयोजकों और शहर के अनेक क्षेत्रों से श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रेखा कोठारी ने किया और आभार राजेन्द्र सुराना ने जताया।

4 जुलाई सुबह 8 से 9 बजे तक न्यू आजादनगर स्वाध्याय भवन में प्रवचन होंगे। इसके बाद साध्वी मण्डल सज्जनविला स्थित बाबेल निवास पहुंचेगा, जहां अनुष्ठान आराधना होगी। 8 जुलाई को सुभाषनगर स्थानक में मंगल प्रवेश यात्रा के साथ चातुर्मास की शुरुआत होगी।





# बिजौलिया ब्लॉक में सीबीईओ मालीराम यादव का भव्य स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**



बिजौलिया ब्लॉक में नवपदस्थापित ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीबीईओ मालीराम यादव का रेसला ब्लॉक कार्यकारिणी की ओर से गुरुवार को भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश कसाना ने किया।

कार्यक्रम में व्याख्याताओं द्वारा यादव का पारंपरिक रूप से तिलक कर, माला पहनाकर एवं साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों में उत्साह और आत्मीयता का वातावरण देखने को मिला।

अपने संबोधन में सीबीईओ मालीराम यादव ने कहा कि हम सभी एक ही विभाग के अंग हैं और हमारी जिम्मेदारी है कि हम विद्यार्थियों को सिर्फ शिक्षित नहीं, बल्कि अनुशासित, संस्कारी और नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण नागरिक बनाएं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर, इंजीनियर, बिजनेसमैन तो समाज में बन रहे हैं, परंतु सच्चा शिक्षक वही है जो एक अच्छा इंसान गढ़ सके।

इस अवसर पर व्याख्याता हेमंत राठौड़, राजेश कुमार, राजेश लांबा, पारस कुमार, शिवलाल धोबी, प्रहलाद सोनी, भीम सिंह गुर्जर, देवेंद्र, रसीला धाकड़ सहित कई शिक्षक और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम में शिक्षकों ने यादव के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक सुधारों की सराहना की और उनके मार्गदर्शन में कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

# जन्मजात विकृति के 5 बच्चों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए भेजा जयपुर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा**



जन्मजात विकृतियों यथा कटे होंठ व कटे तालू के ऑपरेशन के लिए आरबीएसके कार्यक्रम के तहत जिले के 5 बच्चों (ललित कुमावत निवासी कंवलियास, मनराज भील निवासी भोजपुर हुरड़ा, अंशु निवासी भीमडियास, प्रिन्स निवासी खजूरिया श्याम एवं आशा निवासी बलीमजी का खेड़ा मंगरोप) को जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार निःशुल्क ऑपरेशन के लिए एम्बुलेन्स के माध्यम से सीएमएचओ डॉ. चेतेन्द्रपुरी गोस्वामी ने हरी झण्डी दिखाकर जयपुर भिजवाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतेन्द्र पुरी गोस्वामी ने बताया कि इन बच्चों का जयपुर के अभिषेक होसपीटल में निःशुल्क ऑपरेशन किया जायेगा। ये बच्चे आरबीएसके कार्यक्रम के तहत आ.बा.का. व विद्यालयों की स्क्रीनिंग के दौरान पंजीकृत किये गये। ऑपरेशन के बाद समस्त बच्चे सामान्य जीवन व्यतीत कर पायेंगे।

इस दौरान अभिषेक हॉस्पिटल के प्रतिनिधि गिरीश माथुर, आशीष पंचोली, सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार सेन, फार्मासिस्ट तथा अन्य उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### पुलिस अधीक्षक ने किया मांडल थाने का निरीक्षण, कस्बे में रूट मार्च

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव ने गुरुवार को मांडल थाने का निरीक्षण किया और आगामी त्योहारों तथा मोहर्रम को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने डिप्टी मेघा गोयल, थाना प्रभारी विक्रम सिंह सहित पूरे पुलिस स्टाफ के साथ कस्बे में रूट मार्च कर लोगों को शांति एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाने के रजिस्टर, मुलजिमों का रिकॉर्ड तथा सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आमजन को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिया जाएगा।

यादव ने आमजन से अपील की कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखें और प्रशासन को सहयोग करें ताकि सभी पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सकें।

### गिवअप योजना में भीलवाड़ा से अब तक 77,194 लोगों ने छोड़ा एनएफएसए लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई गिवअप योजना के तहत भीलवाड़ा जिले में अब तक 77,194 अपात्र लाभार्थियों ने एनएफएसए (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम) योजना का लाभ स्वेच्छा से त्याग दिया है। इससे सरकार को हर माह 3.85 लाख किलो गेहूं और लगभग 1.04 करोड़ रुपये की सब्सिडी की बचत हो रही है।

जिला रसद अधिकारी ने बताया कि जिन परिवारों में आयकरदाता, सरकारी या अर्द्धसरकारी कर्मचारी, एक लाख से अधिक वार्षिक आय या चार पहिया वाहन (ट्रैक्टर छोड़कर) है, वे अपात्र की श्रेणी में आते हैं और उनसे अपील की गई है कि वे 31 अगस्त 2025 तक योजना का लाभ स्वयं छोड़ दें। इसके बाद अपात्र पाए जाने पर ?27 प्रति किलो की वसूली और विधिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में अब तक 22.46 लाख लोगों ने एनएफएसए से नाम हटाया है, जिससे वास्तव में जरूरतमंद परिवारों को योजना में शामिल किया जा सकेगा।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुन श्रद्धालु हुए भावविभोर गोवर्धन पर्वत की मनोहारी झांकी सजाई गई, भक्ति में डूबे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



सूर्य महल में मंगरोप निवासी काबरा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन संत अर्जुन राम ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी, वेणु गीत व गोवर्धन पूजा प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। इस अवसर पर छप्पन भोग व गोवर्धन पर्वत की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसे देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

संतश्री ने कहा कि श्रीकृष्ण की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कथा में भावपूर्ण भजनों ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। आयोजक कैलाश चंद्र काबरा ने बताया कि कथा में जिले व बाहर से भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल हो रहे हैं।

कथा के अंत में माहेश्वरी समाज सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने संत अर्जुन राम का माल्यार्पण कर स्वागत किया। संतश्री ने सभी आगंतुकों को दुपट्टा पहनाकर आशीर्वाद दिया। अंत में आरती और प्रसाद वितरण हुआ। कथा 5 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक चलेगी।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# सेवा और समर्पण का महायज्ञ 6 जुलाई को भीलवाड़ा में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का विशाल रक्तदान शिविर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के स्थापना दिवस पर 6 जुलाई को अग्रसेन भवन, शास्त्री नगर, भीलवाड़ा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 से सायं 6 बजे तक चलेगा, जिसका उद्देश्य प्रदेशभर में 5000 यूनिट रक्त संग्रहण है।

यह सेवा संकल्प दिवस वैश्य समाज की एकता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक बनेगा। आयोजन की प्रेरणा IVF के संभागीय अध्यक्ष व सांसद दामोदर अग्रवाल, प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी, महिला संभागीय अध्यक्ष मधु जाजू, जिला अध्यक्ष रामेश्वर काबरा, युवा अध्यक्ष देवेंद्र डाणी सहित अन्य पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में मिल रही है।




युवा जिला अध्यक्ष राघव कोठारी ने बताया कि रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र व 2100 मूल्य की आजीवन सदस्यता निःशुल्क दी जाएगी।

रक्तदान के लिए पूर्व पंजीकरण आवश्यक है, जिसमें लोकेश अग्रवाल, मनीष बोरदिया और योगेश हेडा समन्वय कर रहे हैं।

यह शिविर एक बूंद रक्त - किसी की जिंदगी की पूरी उम्मीद के भाव को साकार करते हुए, वैश्य समाज की सेवा परंपरा को मजबूत करेगा।

# भीलवाड़ा विधानसभा में सरकार द्वारा विशेष बजट से 20 करोड़ रूपए के होंगे विकास कार्य

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर विधायक अशोक कोठारी के प्रयासों से भीलवाड़ा विधानसभा में डीएमएफटी फंड से 20 करोड़ रूपए के कार्य होंगे। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि विधायक कोठारी द्वारा भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के सभी सरकारी विद्यालयों के विकास व जीर्णोद्धार के लिए की गई विधायक अनुशंसा पर सरकार ने डीएमएफटी फंड से 10 करोड़ 88 लाख रूपए के बजट की राशि स्वीकृत की।

इससे भीलवाड़ा के सरकारी विद्यालयों की दशा सुधरेगी तथा पेयजल की सुचारु सप्लाई हेतु 7 करोड़ 27 लाख रूपए व माधव गौशाला नौगांवा वाली सड़क चौड़ाई करण करते हुए नवीनीकरण हेतु 1 करोड़ 80 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। कुल 20 करोड़ रूपए के कार्यों की स्वीकृति भीलवाड़ा विधानसभा के लिए जारी की गई। ज्ञात रहे की पूर्व में राज्य सरकार ने डीएमएफटी फंड के उपयोग हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशानुसार बिना सक्षम अनुमति के डीएमएफटी फंड के उपयोग पर रोक लगाई थी, इस हेतु विधायक अशोक कोठारी के प्रयासों से उक्त धनराशि केवल भीलवाड़ा विधानसभा में प्राप्त हुई है। जिससे विधानसभा में विकास हो सकेगा। विधायक कोठारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा व वित्त मंत्री दिया कुमारी का आभार जताते हुए कहा की इस धनराशि से भीलवाड़ा के सर्वांगीण विकास में सभी सरकारी विद्यालयों का विकास हो पाएगा एवं पेयजल की समस्याओं के निराकरण हेतु टेल एन्ड व मिसिंग लिंग्स पर नवीन पाइपलाइन बिछाकर अतिशीघ्र जनता को राहत मिल सकेगी।

# भीलवाड़ा में बारिश के बीच जिंदगी बचाने की मिसाल – नवजात के लिए 'ओ निगेटिव' रक्तदान कर बने जीवनदाता











भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारी बारिश के बीच भी मानवता और सेवा भावना की एक मिसाल उस समय देखने को मिली जब राजकीय महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती एक नवजात शिशु के लिए दो युवाओं ने समय पर 'ओ निगेटिव' रक्तदान कर उसकी जान बचाई।

सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन के गोपाल विजयवर्गीय ने बताया कि पुष्पा देवी के नवजात शिशु को जन्म के दो दिन बाद ही गंभीर पीलिया हो गया, जिसके कारण चिकित्सकों ने पूरे शरीर का रक्त परिवर्तन (ब्लड एक्सचेंज) करने की सलाह दी। इसके लिए तुरंत दो यूनिट 'ओ निगेटिव' ताजा रक्त की आवश्यकता थी, जो रक्तदाताओं में दुर्लभ माना जाता है। इस आपात स्थिति में जब परिजनों ने सहायता की गुहार लगाई, तो सहयोग सेवार्थ फाउंडेशन, भीलवाड़ा के माध्यम से अंकुर अग्रवाल और चंद्रप्रकाश नंदवानी जैसे संवेदनशील युवाओं ने भारी बरसात की परवाह किए बिना तत्काल ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। दोनों युवाओं की तत्परता और सेवा भावना की बदौलत शिशु को समय पर रक्त मिल पाया और उसकी जान बच सकी। विजयवर्गीय ने बताया कि ऐसे उदाहरण समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने दोनों रक्तदाताओं और राजकीय महात्मा गांधी ब्लड बैंक स्टाफ का आभार जताया, जिनके सहयोग से यह सेवा कार्य संभव हो सका।

गौरतलब है कि 'ओ निगेटिव' रक्त दुर्लभता के कारण कई बार जीवन-मृत्यु के बीच फ़ैसला करता है, ऐसे में समय पर रक्तदान कर किसी की जिंदगी बचाना एक सच्चे नायक का काम है।

# प्रथम सेमेस्टर प्रवेश वरीयता सूची व अध्यापन प्रारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा।

सेठ मुरलीधर मान सिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर में ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया गुरूवार 3 जुलाई को पूर्ण हो जाएगी। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर सावन कुमार जांगिड़ ने बताया कि गुरूवार तक कला संकाय में लगभग 1550, जीव विज्ञान संकाय में 285, गणित संकाय में 58, वाणिज्य संकाय में 130 तथा गृह विज्ञान संकाय में 28 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। आयुक्तालय के निर्देशानुसार 7 जुलाई सोमवार को स्नातक प्रथम सेमेस्टर हेतु कला, वाणिज्य, विज्ञान तथा विज्ञान संकाय की वरीयता एवं प्रथम प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 8 जुलाई से 11 जुलाई तक दस्तावेज सत्यापन करवा कर फीस जमा करवाने का कार्य होगा। 14 जुलाई को प्रवेशित विद्यार्थियों की प्रथम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 15 जुलाई को वर्ग आवंटन एवं विषय आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर 16 जुलाई से शिक्षण कार्य प्रारंभ किया जाएगा ।

इसी के साथ महाविद्यालय में द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा एम. ए. गृह विज्ञान, भूगोल, संस्कृत एवं दर्शनशास्त्र उत्तरार्ध की भी नियमित कक्षाएं एवं अध्यापन कार्य प्रारंभ हो चुका है। द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर में प्रवेश हेतु महाविद्यालय में या ऑनलाइन किसी भी प्रकार की कोई फीस जमा करवाने की आवश्यकता नहीं है। महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर द्वारा यथाशीघ्र द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के लिए परीक्षा फार्म भरवाए जाएंगे । अतः छात्राएं समय सारणी के अनुसार अपने-अपने नियत कालांश में कक्षाओं में उपस्थिति सुनिश्चित करें।

# ग्रामीण विकास मंत्रालय के केंद्रीय नोडल अधिकारी ने किया पीपलूंद चारागाह का निरीक्षण

## नरेंद्र मोदी अमृत वाटिका में बरगद और पीपल का पौधरोपण, जल संरक्षण कार्यों की सराहना

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(पेसवानी) भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से संचालित जल शक्ति अभियान के तहत केंद्रीय नोडल अधिकारी एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्याम कुमार (निदेशक, एल.आर.) तथा ज्ञान प्रकाश तिवाड़ी, वरिष्ठ भूजल वैज्ञानिक ने गुरुवार को शाहपुरा उपखंड की ग्राम पंचायत पीपलूंद के चारागाह क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सरपंच वेदप्रकाश खटीक ने अधिकारियों का स्वागत करते हुए ग्राम पंचायत द्वारा जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के क्षेत्र में किए गए नवाचारों की जानकारी दी। उन्होंने श्री नरेंद्र मोदी अमृत वाटिका, ऑपरेशन



सिंदूर फल वाटिका, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत विकसित किए गए चारागाह जैसे देवनारायण चारागाह, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर चारागाह, भगवान बिरसा मुंडा चारागाह, अमृत सरोवर, अमृत एनीकट, नाड़ियाँ, शंकन पौंड, ट्रेंच आदि का अवलोकन करवाया। निरीक्षण दल ने नरेंद्र मोदी अमृत वाटिका में पर्यावरण संरक्षण के संदेश के रूप में बरगद और पीपल के पौधे रोपे। इस अवसर पर श्याम कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा जल संरक्षण व पर्यावरण के क्षेत्र में किया गया कार्य अन्य ग्राम पंचायतों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। निरीक्षण के दौरान जलग्रहण विभाग के अधीक्षण अभियंता राजीव मिश्रा, जिला परिषद के अधिशाषी अभियंता गोपाल टेलर, जलग्रहण अधिशाषी अभियंता आदेश मीणा, सहायक अभियंता देशराज सैनी एवं सुनील बंजारा, ग्राम विकास अधिकारी राकेश चैधरी, कनिष्ठ अभियंता मोहित वैष्णव, वनपाल मूलचंद मीणा, शिवशंकर मीणा, दुर्गालाल खटीक, प्रवीण मीणा, हरचंद गुर्जर, भारत मीणा, मुकेश मीणा आदि उपस्थित रहे। केंद्रीय टीम के दौरे को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने जल संरक्षण के इन कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि अब क्षेत्र में जलस्तर में सुधार हो रहा है और पशुधन के लिए चारे की भी उपलब्धता बढ़ी है।

## सांवलिया सेठ मंदिर में करोड़ों की आवक, फिर भी अव्यवस्थाओं का अंबार

# दर्शनार्थियों को नहीं मिल रहा प्रसाद, मंदिर परिसर में फैली गंदगी और अव्यवस्था से भक्तों में आक्रोश

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़ / भीलवाड़ा

(पेसवानी) - राजस्थान के प्रख्यात श्रद्धा स्थल श्री सांवलिया सेठ मंदिर, जहां हर माह करोड़ों रुपये का दान, नकद और स्वर्ण-चांदी के रूप में चढ़ावे के रूप में आता है, वहां व्यवस्थाओं का हाल बेहाल है। मंदिर ट्रस्ट की लापरवाही और अनदेखी के चलते भक्तों को बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में भारी नाराजगी व्याप्त है। पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने मंदिर में दर्शन के बाद मंदिर व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि, सांवलिया सेठ मंदिर में धन की कोई कमी नहीं, लेकिन व्यवस्थाएं शून्य हैं।उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर और उसके चारों ओर की सड़कों पर जगह-जगह गंदगी और पॉलिथिन फैली हुई है। परिक्रमा मार्ग में बने शौचालयों से बदबू आती है और फर्श अत्यधिक गंदे हैं, जिससे दर्शनार्थियों को असुविधा होती है। जाजू ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित चार प्रसाद विक्रय केंद्रों में से केवल एक या दो ही चालू रहते हैं, शेष हमेशा बंद रहते हैं। दर्शनार्थियों को घंटों कतार में लगने के बावजूद मठरी या लड्डू नहीं मिलते। उन्होंने यह भी बताया कि लड्डुओं का आकार पहले की तुलना में छोटा कर दिया गया है, जबकि भक्त मंदिर द्वारा तयशुदा दर पर प्रसाद खरीदना चाहते हैं। मंदिर में आने वाले भक्तों के जूते रखने की कोई व्यवस्थित रैक व्यवस्था नहीं है। दर्शन के दौरान जूते-चप्पल इधर-उधर बिखरे रहते हैं, जिससे अव्यवस्था और अव्यवस्था दोनों उत्पन्न होते हैं। जाजू ने बताया कि मंदिर परिसर में स्थित उद्यान में गाजर घास और खरपतवार उग आई है, जिससे साफ तौर पर यह प्रतीत होता है कि उद्यान की नियमित देखभाल नहीं हो रही है। बाबूलाल जाजू ने इस गंभीर स्थिति पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर आलोक रंजन, तथा देवस्थान विभाग के आयुक्त भवानी सिंह देथा को पत्र लिखकर मंदिर की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग की है। उन्होंने निम्न सुझाव दिए-सभी प्रसाद विक्रय केंद्र नियमित रूप से संचालित किए जाएं, परिक्रमा मार्ग में बने शौचालयों व फर्श की सफाई आधुनिक मशीनों से करवाई जाए, जूते-चप्पल रखने के लिए व्यवस्थित रैक बनवाए जाएं, मंदिर उद्यान का सौंदर्यीकरण कर नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, तिरुपति मंदिर की तर्ज पर ट्रस्ट फंड से आधुनिक सड़क मार्ग व पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाए, मैसूर के वृंदावन गार्डन की तर्ज पर फव्वारेयुक्त भव्य उद्यान बनवाए जाएं, दर्शनार्थियों के रुकने हेतु उत्तम सशुल्क आवासीय व्यवस्था विकसित की जाए

### करोड़ों की आय, सुविधाओं में फिसड्डी क्यों?

श्री सांवलिया सेठ मंदिर ट्रस्ट को प्रत्येक माह दान के रूप में करोड़ों रुपये की राशि प्राप्त होती है, इसके बावजूद मंदिर परिसर में दर्शनार्थियों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। शुद्ध प्रसाद, स्वच्छ परिसर, सुरक्षित जूता-चप्पल व्यवस्था, और सम्मानजनक रुकने की सुविधा दू ये भक्तों का अधिकार है। इन सभी व्यवस्थागत कमियों से श्रद्धालुओं में भारी नाराजगी है। स्थानीय नागरिकों और संगठनों ने भी मंदिर ट्रस्ट से सवाल उठाए हैं कि जब इतना अधिक फंड है, तो उसका सदुपयोग क्यों नहीं हो रहा?

# हिंदुस्तान जिंक ने समावेशी भाषा गाइडबुक लॉन्च की, कार्यस्थल पर विविधता को दी नई पहचान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

दुनिया की अग्रणी जिंक उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने कार्यस्थल पर समानता और समावेशन को बढ़ावा देने के लिए समावेशी भाषा गाइडबुक लॉन्च की है। इस गाइडबुक का उद्देश्य विविध समुदायों के लिए संवेदनशीलता और सम्मानजनक संवाद को संस्थागत बनाना है।

ज़िंक्लूजन प्लेटफॉर्म पर लॉन्च की गई इस गाइडबुक के माध्यम से कंपनी ने दिव्यांगों और विभिन्न पृष्ठभूमियों से आने वाले लोगों के लिए समान कार्य संस्कृति सुनिश्चित करने की पहल की है।

लॉन्च के मौके पर आयोजित पैनल चर्चा में सीईओ अरुण मिश्रा और ट्रांसजेंडर हेल्थकेयर एक्टिविस्ट डॉ. संजय शर्मा शामिल हुए। गाइडबुक में ट्रांसजेंडर कर्मचारियों के लिए मेडिकल सहायता, अवकाश, पितृत्व नीति जैसी सहायक सुविधाएं



शामिल हैं।

अब तक 23 ट्रांसजेंडर कर्मचारी कंपनी के फाइनेंस, मार्केटिंग, मेडिकल जैसे विभागों में कार्यरत हैं। कंपनी का लक्ष्य वर्ष 2030 तक कार्यबल में 30% विविधता हासिल करना है, जो मेटल व माइनिंग क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक उदाहरण है। चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा, ÷यह गाइडबुक हमारे एकजुटता और अपनेपन के मूल्यों की प्रतीक है, जहां हर कर्मचारी परिवार का हिस्सा है। डॉ. संजय शर्मा ने भी इसे सम्मान, गरिमा और समावेश का मजबूत कदम बताया।

## QUICK BITES

# सेवाश्रम विशेष विद्यालय में प्रवेश उत्सव धूमधाम से संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



सेवाश्रम बौद्धिक दिव्यांग पुनर्वास गृह एवं विशेष विद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर प्रवेश उत्सव का आयोजन उल्लासपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम में सचिव गिरीश अग्रवाल ने बच्चों को गुलाब के फूल, ड्राइंग नोटबुक और रंगों का सेट भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया। अध्यापकों ने बच्चों का कुमकुम तिलक और गुड़ से स्वागत किया। कोषाध्यक्ष प्रेमलता ओझा ने चॉकलेट देकर बच्चों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। पहले दिन विद्यालय में 29 बच्चे उपस्थित रहे और छात्रावास में 3 बच्चों की वापसी हुई।

शेष बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें शीघ्र छात्रावास भेजने का आग्रह किया गया है।

उत्सव ने बच्चों और शिक्षकों के बीच आत्मीयता का माहौल बनाते हुए सत्र की सकारात्मक शुरुआत की।

# स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी का उत्साहपूर्ण समापन, महिलाओं की उद्यमिता को मिला मंच

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



लघु उद्योग भारती महिला इकाई द्वारा आयोजित दो दिवसीय स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी-2025 का समापन उत्साह और उमंग के साथ हुआ। बारिश के बावजूद महिलाओं का जोश कम नहीं हुआ, और बड़ी संख्या में उद्यमियों व स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया।

70 से अधिक स्टॉल्स में भीलवाड़ा समेत जयपुर, जोधपुर, अलवर, कोटा आदि से आई महिला उद्यमियों ने हैंडिक्राफ्ट, होम डेकोर, गिफ्ट आइटम्स, राखी, फूड और स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई।

वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने वाले इस आयोजन में कपड़े की पट्टियां, प्लास्टिक मुक्त फेयर, व स्वदेशी-विदेशी पहचान फॉर्म जैसे नवाचार भी शामिल रहे।

समापन समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा, प्रांत अध्यक्ष महेश हुरकट, व इकाई अध्यक्ष पल्लवी लढ़ा ने संबोधित किया।

दूसरे दिन आयोजित कौशल विकास कार्यशाला में मिट्टी से गणेशजी व रेजिन राखी बनाना सिखाया गया।

प्रदर्शनी में स्नेहा जागेटिया, विमला मुनोत, चंदा मूंदड़ा, ममता चालना सहित कई महिलाओं और गणमान्यजनों का सहयोग रहा।

# मूसलाधार बारिश ने रिको इंडस्ट्रियल एरिया को किया बेहाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मूसलाधार बारिश से औद्योगिक क्षेत्र में भारी असर देखने को मिला है। मूसलाधार बारिश ने औद्योगिक क्षेत्र की कमर तोड़ कर रख दी है। कई ओद्योगिक इकाईया और और वर्कशॉप्स में पानी भर गया, जिससे लाखों रुपये की मशीनरी और कच्चा माल बर्बाद हो गया। फैक्ट्रियों के अंदर पानी भर जाने से कामकाज ठप पड़ गया, जिससे उत्पादन में सीधा असर पड़ा है। चित्तौड़ रोड स्थित प्रमुख औद्योगिक इकाइयों में बारिश का पानी घुस जाने से करोड़ों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। कई फैक्ट्रियों में उत्पादन ठप पड़ गया है, जिससे उद्योग जगत में हड़कंप मच गया है। चित्तौड़ रोड पर स्थित सनरक्षक इंडिया इंडस्ट्रीज के प्रोसेस हाउस में कमर तक पानी भर गया। यहां रखे तैयार कपड़ों के हजारों लंप पानी में डूब गए, जिससे उन्हें भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश का पानी इतनी तेजी से आया कि संभलने का मौका है.नहीं मिला कंपनी के प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने बताया, बारिश का पानी इतनी तेजी से आया कि हमें संभलने का मौका ही नहीं मिला। करोड़ों रुपये मूल्य के कपड़े के लंप पूरी तरह से भीग गए हैं और अब वे इस्तेमाल के लायक नहीं बचे हैं। इसके अलावा, हमारी महंगी मशीनरी में भी पानी घुस गया है, जिससे उन्हें भी भारी नुकसान पहुंचा है। हमें फिलहाल प्रोडक्शन हाउस बंद करना पड़ा है। नुकसान का आंकलन अभी जारी है, लेकिन यह करोड़ों में पहुंच सकता है। फैक्ट्री के अंदर हर तरफ पानी भरा हुआ है और कर्मचारी व मजदूर क्षतिग्रस्त सामानों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं संगम स्पिनर्स में भी काफी बरसाती पानी घुस गया। महंगी मशीनरी में भी पानी घुस गया एचआर हेड स्वामी ने बताया कि फैक्ट्री में भी कच्चे माल और तैयार उत्पादों को नुकसान पहुंचा है,।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890